देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 149 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 15 सितंबर 2024

विचार–प्रवाह...
राजनीति का खेल





मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 22.0°

79924.77

2 भारतीय हथियारों का दीवाना हुआ आर्मेनिया
7 तो श्रेयस अय्यर को नहीं चुनता

# एक तरफ तीन खानदान, दूसरी ओर युवा: पीएम

## डोडा रैली में राहुल गांधी और विपक्षियों पर खूब बरसे पीएम मोदी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू–कश्मीर के डोडा में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू–कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का काम भी भाजपा सरकार ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, श्जम्मू कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू–कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। ये तीन खानदान...एक खानदान कांग्रेस का है, एक खानदान नेशनल कॉन्फ्रेंस का है और एक खानदान पीडीपी का है। इन तीन खानदानों ने मिलकर आपके साथ जो किया है वो किसी पाप से कम नहीं है। ये तीनों खानदान जम्मू–कश्मीर को सालों तक बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं। बीते सालों में जम्मू कश्मीर में विकास का नया दौर आया है। इसका श्रेय यहां के नौजवानों को ही जाता है। मैं आज जम्मू कश्मीर के युवा को चाहे वो बेटी हो या बेटा हो, उनके जोश और जज्बे को सेल्यूट करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि यहां पंचायत के चुनाव 2000 के बाद नहीं हुए थे, यहां बीडीसी के चुनाव कभी भी नहीं हुए थे। दशकों तक परिवारवाद ने यहां के बच्चों और होनहार नौजवानों को आगे नहीं आने दिया। परिवारवादी नहीं चाहते थे कि युवा राजनीति में आए। 2014 में सरकार में आने के बाद मैंने जम्मू–कश्मीर में नौजवानों की नई लीडरशीप को आगे लाने का प्रयास किया है। फिर 2018 में यहां पंचायत के चुनाव कराए गए, 2019 में बीडीसी के चुनाव हुए और 2020 में पहली बार डीडीसी के चुनाव कराए गए।ये चुनाव इसलिए कराए गए ताकि जम्मू–कश्मीर में डेमोक्रेसी ग्रासरूट तक पहुंचे।

पीएम ने कहा, आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू–कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। उन राजनीतिक दलों ने सिर्फ अपने बच्चों को आगे बढ़ाया।

### एक सुरक्षित जम्मू–कश्मीर बनाएंगे, यह मोदी की गारंटी

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि एक सुरक्षित जम्मू कश्मीर का निर्माण करेंगे। पीएम ने कहा कि मैं आपके इस प्यार और आशीर्वाद का बदला आपके और देश के लिए दोगुनी और तिगुनी मेहनत से चुकाऊंगा। हम सब मिलकर एक सुरक्षित और समृद्ध जम्मू–कश्मीर बनाएंगे और यह मोदी की गारंटी है।



### मोहब्बत का झांसा दे नफरत की दुकान चलाते हैं राहुल?

प्रधानमंत्री ने अपनी डोडा रैली में कहा, श्ये संविधान की बातें करते हैं और नफरत की दुकान पर मोहब्बत की दुकान का बोर्ड लगाकर घूमते हैं। मैंने आज अखबारों में पढ़ा– लोकतंत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ होता है हमारा स्वतंत्र मीडिया। आज एक खबर पढ़ी– अमेरिका गए हुए भारत के एक अखबार के प्रतिनिधि को अमेरिका में जिस प्रकार प्रताड़ित किया गया, उसने अपनी पूरी कहानी पब्लिक के सामने रख दी है। अमेरिका की धरती पर हिंदुस्तान के एक बेटे को, वो भी एक पत्रकार को, वो भी भारतीय संविधान की रक्षा के लिए काम करने वाले पत्रकार को, कमरे में बंद करके उनके साथ जो व्यवहार हुआ है, क्या ये लोकतंत्र को, संविधान की मर्यादा को उजागर करने वाले विषय हैं? आपके मुंह में संविधान शब्द शोभा नहीं देता है।

## अब सारी चिंताएं आपका ये बेटा करेगा: पीएम मोदी

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए पीएम मोदी शनिनवार को कुरुक्षेत्र पहुंचे हैं। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कई बड़े एलान किए। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले हमने बहुत बड़ा निर्णय लिया है। जिसका लाभ हरियाणा के लाखों परिवारों को मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने तय किया है 70 वर्ष की आयु से बड़े बुजुर्ग को पांच लाख रुपये तक निशुल्क इलाज मिलेगा। गरीब हो या अमीर सभी को पांच लाख रुपये तक बीमारी का खर्चा हम भरेंगे। अब उसके इलाज के लिए उसके बच्चों को फिक्र करने की जरूरत नहीं है। यह फिक्र आपका ये बेटा करेगा। देश के बुजुर्गों को दी गई गारंटी मोदी ने पूरी कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मानसून सत्र में घटित आपदाओं का करें अध्ययन: विनोद सुमन

**संवाददाता** देहरादून। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को इस मानसून सीजन के दौरान घटित आपदाओं का विस्तृत अध्ययन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विभिन्न एजेंसियों के स्तर से सराहनीय राहत और बचाव कार्य किए गए हैं, लेकिन जो कमियां रह गई हैं, उनका मूल्यांकन भी जरूरी है ताकि भविष्य के लिए अच्छी प्लानिंग की जा सके।

### मेरठ में बड़ा हादसा, ढह गया तीन मंजिला मकान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मेरठ स्थित लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी गली नंबर सात में एक 50 साल पुराना तीन मंजिला मकान गिर गया है। बारिश के कारण एक जर्जर मकान ढह गया है। मकान गिरने के कारण पूरा परिवार अंदर मलबे में दबा हुआ है। मकान में आठ से ज्यादा लोगों के दबे होने की सूचना है।

# पहाड़ों से मैदानी राज्यों तक बारिश का अलर्ट

## अगले 24 घंटे में यूपी, बिहार, एमपी में बरसेंगे बादल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में मानसून सक्रिय है। सितंबर का पहला पखवाड़ा बीत चुका है, यह समय मानसून की विदाई का होता है लेकिन पहाड़ों से लेध्कर उत्तर और मध्य भारत के मैदानी इलाकों के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। इसी बीच मौसम विभाग ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड से लेकर राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया है।

राजधानी दिल्ली–एनसीआर में मानसून सक्रिय है। राजधानी के लोगों को सितंबर महीने में ही नवंबर महीने की ठंड का एहसास होने लगा है। दिल्ली एनसीआर में आज भी बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। वहीं आज से लेकर 17 सितंबर तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। 18 सितंबर को दिल्ली में गरज के साथ बारिश के आसार हैं।

प्रमुख सड़कों और अंडरपास में पानी भर जाने के कारण कई जगह ट्रैफिक जाम लग गया। इस कारण लोगों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि जलभराव से धौलाकुआं से महिपालपुर की ओर जाने वाले एनएच–48 पर यातायात प्रभावित हुआ है। मदनपुर खादर लाल बत्ती के पास जलभराव के कारण आश्रम से बदरपुर की ओर जाने वाले कैरिजवे पर ट्रैफिक प्रभावित है।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे के दौरान उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कोंकण, गोवा, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।राजस्थान में बारिश के कारण भरतपुर शहर की सुजान गंगा नहर ओवरफ्लो हो गई।

### पूर्वोत्तर और पूर्वी तटीय राज्यों भी मानसून एक्टिव

हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में कई जगहों पर भारी बारिश संभव है। मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल में एक दो जगहों में मध्यम बारिश हो सकती है। वैसे भी देश के कई हिस्सों में मॉनसून बेहद एक्टिव है। इसी के चलते बारिश का दौर थमता नहीं दिख रहा।

# सीएम ममता से मिलने पहुंचे प्रदर्शनकारी डॉक्टर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस बीच अब आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने पश्चिम बंगाल सरकार को एक मेल भेजकर आरजी कर गतिरोध को हल करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की थी। अब आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले पर विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर सीएम ममता बनर्जी के साथ बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंच गया है।

इस मुलाकात के बाद उनमें से एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, श्हम गतिरोध को हल करने के लिए कहीं भी और कभी भी मुख्यमंत्री के साथ बैठक करने को तैयार हैं। हम आज दोपहर उनकी यात्रा का स्वागत करते हैं। यह एक बहुत ही सकारात्मक कदम है। हमने राज्य सरकार को एक मेल भेजा है।

**बैठक**

■डॉक्टरों ने ई–मेल भेजकर मुख्यमंत्री से मिलने का मांगा समय

### स्वास्थ्य भवन के बाहर की थी मुलाकात

यह मेल स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शन स्थल पर मुख्यमंत्री के अचानक दौरे के कुछ घंटों बाद भेजा गया था। मुख्यमंत्री ने शनिवार को डॉक्टरों से मुलाकात की।

इसके मद्देनजर ममता ने डॉक्टरों को शनिवार को शाम छह बजे अपने आवास पर मिलने बुलाया।

बता दें कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से डॉक्टरों ने एक दिन पहले लाइव स्ट्रीमिंग करने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सुको के नियम के अनुसार लाइव बैठक नहीं हो सकती।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# जो कमिटमेंट करते हैं फिर खुद की भी नहीं सुनते

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

■मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना को 30 सितंबर तक बढ़ाने की घोषणा

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है और कहा कि इस योजना को कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि वे चुनाव के बाद अपने वादे भूल गए।

सीएम शिंदे ने कहा, मेरी लाडली बहनों, यह उत्साह साबित करता है कि हमारी योजना सफल रही है, मुझे इस बात की खुशी है। लाडली बहनों के लिए हमारी योजना की समय सीमा 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। जिनके खातों में पैसा नहीं आया है, उन्हें एक और मौका मिलेगा।

इस योजना को कोई नहीं रोक सकता, लेकिन कुछ लोगों ने इस योजना में बाधा डालने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा, जो लोग चांदी के चम्मच के साथ रहते हैं, धन–दौलत से घिरे रहते हैं, वे इस 1500 रुपये की कीमत नहीं समझेंगे।

न्यूज डायरी



## जिंदा है आतंकी ओसामा बिन लादेन का बेटा हमजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आतंकी संगठन अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन का मारा जा चुका बेटा हमजा बिन लादेन फिर जिंदा हो गया है। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक वह 450 निशानेबाज बंदूकधारियों की सुरक्षा में अफगानिस्तान में अपने भाई अब्दुल्ला बिन लादेन के साथ गुपचुप तरीके से रह रहा है।
द मिरर ने खुफिया एजेंसियों के हवाले से प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में बताया है कि तालिबान विरोधी सैन्य गठबंधन नेशनल मोबिलाइजेशन फ्रंट (एनएमएफ) ने भी माना है कि हमजा और उसके साथी व्यापक हमलों की तैयारी कर रहे हैं। उत्तरी अफगानिस्तान में श्प्रिंस ऑफ टेररश कहा जाने वाला हमजा अपने लाव–लश्कर के साथ छिपा है। एनएमएफ की रिपोर्ट 2019 की उन रिपोर्टों की विरोधाभासी है जिनमें दावा किया गया था कि अमेरिका के हवाई हमले में हमजा मारा गया है। ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद कहा जाता है कि आतंकी संगठन की कमान संभालने वाले अल–जवाहिरी के साथ हमजा काम करता था। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों पर हमला करने के हमजा का आडियो व वीडियो संदेश सामने आने के बाद उसे मार गिराया गया था। लेकिन तब उसके मरने का स्थान और तारीख स्पष्ट नहीं किया गया था। अमेरिका की ओर से आतंकी घोषित हमजा के ईरान में नजरबंद होने की बातें भी सामने आई थीं।

## औवैसी और अब्दुल्ला से मिले अमेरिकी राजनयिक तो जयशंकर ने दी चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जिनेवा। अमेरिकी राजनयिकों के असदुद्दीन ओवैसी और उमर अब्दुल्ला समेत कई विपक्षी नेताओं से मुलाकात और चुनाव को लेकर की गई टिप्पणियों पर अब भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बहुत करारा जवाब दिया है। जयशंकर ने जिनेवा में कहा कि उन्हें अन्य देशों की ओर से भारतीय राजनीति पर टिप्पणी करने से कोई समस्या नहीं है, लेकिन उन्हें अपनी राजनीति पर उनकी टिप्पणी सुनने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। भारतीय विदेश मंत्री ने यहां भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान यह तीखी टिप्पणी की। इससे पहले अमेरिकी राजनयिकों के विपक्षी नेताओं से मिलने पर भारत में बहुत तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। जिनेवा में आयोजित कार्यक्रम में नयी दिल्ली स्थित कुछ विदेशी राजनयिकों द्वारा भारत कुछ विपक्षी नेताओं के साथ व्यक्तिगत बैठकें करने के बारे में जयशंकर से सवाल पूछा गया था। विदेश मंत्री जयशंकर ने इसका सीधा जवाब नहीं दिया। उन्ह्योंने कहा, श्यदि लोग हमारी राजनीति के बारे में टिप्पणी करते हैं तो मुझे कोई समस्या नहीं है, लेकिन मुझे पूरी निष्पक्षता के साथ लगता है कि उन्हें भी अपनी राजनीति के बारे में मेरी टिप्पणी सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए। जयशंकर ने प्रसिद्ध लेखक जॉर्ज ऑरवेल की कृति एनिमल फार्म का जिक्र करते हुए कहा, आखिरकार, एक पारस्परिक सम्मान वाली, अधिक समानता वाली दुनिया कैसे बनाई जाए? क्योंकि हर कोई कहता है कि हम बराबर हैं, लेकिन वे वास्तव में उस तरह से व्यवहार नहीं करते हैं।

## बांग्लादेश में खुला घूम रहा जहरीला आतंकी, भारत को तोड़ने का बनाया प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से ही भारत के खिलाफ कट्टरपंथी आ गए हैं। बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की ओर से हाल ही में एक जहरीले इस्लामवादी नेता को जेल से रिहा किया गया था। अब उसने भारत को तोड़ने की बात कही है। उसने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से भारत को तोड़ने का आग्रह करते हुए राज्य को मोदी सरकार से स्वतंत्र करने को कहा है। जशीमुद्दीन रहमानी हाफी अंसारुल्लाह बांग्ला टीम का प्रमुख है, जो अल–कायदा से जुड़ा आतंकी संगठन है। उसने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से आग्रह किया है कि वह बांग्लादेश को मोदी सरकार से अलग करें और अपनी आजादी की घोषणा करें। इसके अलावा उसने भारत को तोड़ने और दिल्ली में इस्लामी झंडा लगाने की वॉर्निंग दी है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने पिछले महीने जहरीले रहमानी को जेल से रिहा किया था। धर्मनिरपेक्ष ब्लॉगर्स की हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 2013 से वह जेल में था।

# भारतीय हथियारों का दीवाना हुआ आर्मेनिया, खरीदेगा और ज्यादा तोपें

रिपोर्ट

## भारत के हथियार देख पाकिस्तान के दोस्त की निकी चीख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

येरेवान। अजरबैजान, तुर्की और पाकिस्ध्तान के तिकड़ी का सामना कर रहा मध्य एशियाई देश आर्मेनिया भारत से और ज्यादा अत्याधुनिक तोपें खरीदने जा रहा है। आर्मेनिया ने इच्छा जताई है कि वह भारत से 155 एमएम के एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम को खरीदना चाहता है। इससे पहले आर्मेनिया ने साल 2022 में भारत को 6 तोपें खरीदने का ऑर्डर दिया था। इन तोपों को अगस्त 2023 में आर्मेनिया को सप्ध्लाई कर दिया गया है। यह पूरी डील 15 करोड़ 50 लाख डॉलर की थी। भारत की ये तोपें आर्मेनिया की सेना को काफी पसंद आई हैं और इसी वजह से वह अब ज्यादा तोपें खरीदना चाहता है। इससे पहले भी आर्मेनिया पिनाका रॉकेट सिस्टम समेत कई हथियार खरीद चुका है।

आईडीएसए के महानिदेशक सुजन चिनाय ने रूसी मीडिया वेबसाइट स्पुतनिक से बातचीत में कहा कि आर्मेनिया अब और ज्यादा तोपों के लिए बातचीत कर रह है। चिनाय ने कहा कि ये 155 एमएम की तोपें अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं और इन्हें कहीं भी तेजी से पहुंचाया जा सकता है। इससे दुश्मन के ठिकानों पर बहुत ही सटीक तरीके से हमला बोला जा सकता है। इन तोपों की ताकत से आर्मेनिया की सेना बहुत प्रभावित हुई है। इससे पहले भारत ने आर्मेनिया को स्वाथी रेडॉर दिया था जिससे दुश्मन के हथियारों की सटीक लोकेशन मिल जाती है। यह पूरी डील 4 करोड़ डॉलर की थी।



इसके अलावा आर्मेनिया ने अजरबैजान के खतरे को देखते हुए भारत से पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर भी खरीदने की इच्छा जताई है जो अपनी क्ध्वालिटी के लिए जाने जाते हैं और दुनिया के अन्य देशों में उनकी डिमांड है। पिनाका सिस्टम की यह डील 25 करोड़ डॉलर की हो सकती है। चिनाय ने कहा कि भारत का रक्षा उद्योग न केवल भारत को हथियारों का निर्माता बना रहा है, बल्कि सैन्य प्रॉडक्ट का बड़ा सप्लायर बनकर उभर रहा है। भारत अपने डिफेंस सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाने के लिए सक्रिय होकर काम कर रहा है।

साल 2024 में आर्मेनिया और भारत के बीच एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर हुआ था। यह समझौता दोनों ही देशों के रक्षा मंत्रालय के बीच हुआ था। इसमें सैन्ध्य तकनीक के सहयोग और सैनिकों की ट्रेनिंग शामिल है। भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक आर्मेनिया ने 60 करोड़ डॉलर के हथियार साल 2024–25 में खरीदे हैं। बता दें कि नगर्नो कराबाख को अजरबैजान की सेना के हाथों गंवाने के बाद आर्मेनिया ने रूस का साथ छोड़कर अब भारत और फ्रांस से हाथ मिलाया है। अजरबैजान को पाकिस्तान, तुर्की और इजरायल से हथियार मिल रहे हैं।

## चीन बनाम अमेरिका की लड़ाई का शिकार बना पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** इस्लामाबाद। भारत के आखिरी छोर तक मिसाइल दागने की सनक लिए बैठे पाकिस्तान को अमेरिका ने बड़ा झटका दिया है। अमेरिका ने चीन की कंपनियों के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं जो पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ी हुई थीं। अमेरिका ने मिसाइल तकनीक के अप्रसार के अभियान के तहत यह कदम उठाया है। अमेरिका ने एक बयान जारी करके कहा है कि वह चीनी शोध संस्थान पर प्रतिबंध लगा रहा है। संस्थान पर आरोप है कि वह पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को उपकरणों की सप्लाई कर रहा है।

बताया जा रहा है कि चीनी संस्थान पाकिस्तान के शाहीन–3 मिसाइल, अबाबील सिस्टम और संभावित लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल के लिए रॉकेट मोटर टेस्टिंग के उपकरण मुहैया करा रहा था। पाकिस्तान का दावा है कि शाहीन मिसाइल की रेंज 2750 किमी है और यह भारत के किसी भी शहर को परमाणु बम या परंपरागत विस्फोटक से निशाना बना सकती है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय विकास परिसर और बीजिंग के आटोमेशन फॉर मशीन बिल्डिंग शोध संस्थान के बीच यह सहयोग चल रहा था। वहीं दूसरी ओर अबाबील मिसाइल 2200 किमी तक मार कर सकती है।



## सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से प्रेस कॉन्फ्रेंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष में फंसे कई महीने हो चुके हैं और अब वो अगले साल धरती पर वापस लौटेंगी। इस बीच उन्होंने अपने साथी एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर के साथ पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए और अपने दिल की बात भी कही। सुनीता ने बातचीत के दौरान कहा कि मैं यहां फंसी और ऑर्बिट में कई महीने बिताना मुश्किल तो था, लेकिन मुझे स्पेस में रहना काफी पसंद है। उन्होंने ये भी कहा कि मैं अपनी मां के साथ कीमती समय बिताना चाहती थी, लेकिन एक ही मिशन में दो अलग–अलग यान में रहकर अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि हम टेस्टर हैं और यही हमारा काम है। सुनीता विलियम्स ने आगे कहा कि हम स्टारलाइनर को पूरा करना चाहते थे, लेकिन आपको पेज बदलना ही होगा और अगले अवसर को तलाशना ही होगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं को न्याय दिलाने में फेल हुए मोहम्मद यूनुस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार कट्टरपंथियों पर एक्शन लेने के चाहे जितने दावे करे, लेकिन इसमें यह पूरी तरह फेल हुई है। यही कारण है कि बांग्लादेश में हिंदुओं को अपनी सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार 5 अगस्त को गिर गई थी। इसके बाद हिंदुओं के खिलाफ हिंसा हुई।

राजधानी ढाका और बांग्लादेश की वाणिज्यिक राजधानी चटगांव में हजारों हिंदू सड़कों पर उतरे। बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने आठ सूत्री मांगों वाले पोस्टर हाथ में ले रखे थे। इसमें हमलावरों को फास्ट ट्रैक ट्रिब्यूनल के जरिए सजा देने की

बांग्लादेश में हिंदुओं का प्रदर्शन हो रहा है

मांग की गई है। प्रदर्शन में बच्चे और महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए शामिल हुए।

प्रदर्शन से ठीक दो दिन पहले मोहम्मद यूनुस ने सरकारी टेलीविजन पर कहा था कि किसी को भी धार्मिक सद्भाव को ठेस पहुंचाने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए। चटगांव में हिंदुओं ने अल्पसंख्यक मामलों से निपटने के लिए एक अलग मंत्रालय की मांग की। अल्पसंख्यकों के लिए सीटें आरक्षित करने की मांग और छात्रों के विरोध प्रदर्शन के लीड करने वालों को उनके साथ बैठने को कहा। उन्हें कार्रवाई के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने मुआवजा और पुनर्वास की मांग करते हुए कहा कि जब तक उनकी डिमांड पूरी नहीं हो जाती तब तक वे वापसी नहीं करेंगे।

बांग्लादेश में हिंदू जब भी अपने अधिकारों की आवाज उठाते हैं तो उन्हें तरह–तरह के आरोपों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे किसी एजेंट के रूप में काम नहीं कर रहे हैं। चटगांव में महिलाओं समेत प्रदर्शनकारी दोपहर तीन बजे जमाल खान क्षेत्र में इकट्ठा हुए। खुद को बंगाली बताते हुए उन्होंने घोषणा की कि वह इस जमीन को नहीं छोड़ेंगे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने मीडिया की भूमिका पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मेन स्ट्रीम मीडिया ने उनकी आवाज नहीं सुनी।

## चीन ने अब नौकरियों में रिटायरमेंट की उम्र बढ़ा दी है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन ने नौकरियों में बड़ा बदलाव किया है। चीन 1950 के दशक के बाद पहली बार रिटायरमेंट की आयु धीरे–धीरे बढ़ाएगा। इसका सबसे बड़ा कारण बूढ़ी होती आबादी और घटता पेंशन बजट है। चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस ने शुक्रवार को ब्लू–कॉलर नौकरियों (शारीरिक श्रम) में महिलाओं की रिटायरमेंट आयु 50 से बढ़ाकर 55 कर दी है। वहीं व्हाइट कॉलर नौकरियों (प्रोफेशनल काम) में महिलाओं की रिटायरमेंट उम्र 55 से 58 करने के प्रस्तावों की मंजूरी दी। पुरुषों के रिटायरमेंट की उम्र 60 से बढ़कर 63 हो जाएगी। चीन की वर्तमान रिटायरमेंट उम्र दुनिया में सबसे कम है। चीन के सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि नए बदलाव 1 जनवरी 2025 से लागू हो जाएंगे। अगले 15 वर्षों में हर कुछ महीनों में रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई जाएगी।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# प्राथमिकता के साथ खोली जाएं ग्रामीण सड़कें: सुमन

**जायजा**

## हालात का जायजा लेने सचिव आपदा प्रबंधन दूसरे दिन भी पहुचे कंट्रोल रूम

**संवाददाता**

देहरादून। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने शनिवार को भी यूएसडीएमए स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर मानसून के दृष्टिगत सभी जिलों में हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न नदियों के जलस्तर, अवरुद्ध सड़क मार्गों तथा राज्य में हो रही बारिश को लेकर जानकारी ली।

मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश के अलर्ट को लेकर मा0 मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कंट्रोल रूम पहुंचकर सभी जनपदों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को एलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन को सभी जिलाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर किसी भी आपदा की स्थिति से प्रभावी तरीके से निपटने के निर्देश दिए थे।

शनिवार को सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन कंट्रोल रूम पहुंचे और यूएसडीएमए के एक्सपर्ट्स तथा नोडल अधिकारियों के साथ बारिश के चलते क्षतिग्रस्त सड़क, बिजली, पानी के साथ ही यात्रा मार्गों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कंट्रोल रूम में तैनात सभी नोडल अधिकारियों को अपने–अपने विभागों से संबंधित सूचनाओं का समयबद्ध तरीके से आदान–प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बंद ग्रामीण सड़कों को प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कें बंद होने से गांवों तक आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई काफी प्रभावित हो जाती है, लिहाजा इन्हें प्राथमिकता के आधार पर खोला जाना जरूरी है।

इस मौके पर अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी श्री राजकुमार नेगी, वित्त नियंत्रक अभिषेक आनंद, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, यूएसडीएमए के विशेषज्ञ डीडी डालाकोटी, मनीष भगत, हेमंत बिष्ट, डॉ. पूजा राणा, रोहित कुमार, डॉ. वेदिका पंत, तंद्रीला सरकार, जेसिका टेरोन आदि मौजूद थे।




### 16 स्थानों की कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग

देहरादून। यूएसडीएमए स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से केदारनाथ मंदिर के अलावा अब 15 और स्थानों की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। यूएसडीएमए के सिस्टम एक्सपर्ट हेमंत बिष्ट ने बताया कि इनमें केदारनाथ मंदिर के पृष्ठभाग, भैरव पुल, रुद्र प्वाइंट, लिनचोली, भीमबली, जंगल चट्टी, शटल ब्रिज, मनकोटिया, गौरीकुंड, सोनप्रयाग आदि क्षेत्र शामिल हैं।

## न्यूज डायरी

### हिंदी दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का किया गया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। दिशा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के कार्यालय चकराता रोड पर शुक्रवार हिंदी दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और संचालन संस्था के सचिव सुशील विरमानी ने किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने हिंदी भाषा को बढ़ावा देने की मांग को एक स्वर में कहा गोष्ठी में बोलते हुए प्रभात डंडरियाल और सुशील विरमानी ने कहा कि बड़े दुख का विषय है कि आज की हमारी युवा पीढ़ी हिंदी भाषा का परित्याग कर अंग्रेजी भाषा को महत्व दे रही है जो की एक सोचनीय और विचारणीय विषय है। राज्य आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती और आरिफ वारसी ने कहा कि हमें हिंदी भाषा को बढ़ावा देना के उद्देश्य से जन जागरण अभियान चलाने की सख्त आवश्यकता है। हमें अंग्रेजी भाषा का त्याग करना होगा तभी हिंदी दिवस को मनाने की सार्थकता सिद्ध होगी। स्मरण रहे कि पूरे भारत में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

### आईपीएल और डब्ल्यूपीएल स्टार्स उत्तराखंड प्रीमियर लीग में भिड़ने को तैयार

**संवाददाता** देहरादून। बहुप्रतीक्षित उत्तराखंड प्रीमियर लीग (यूपीएल) का आगाज 15 सितंबर से होने जा रहा है, जिसमें राज्य के कुछ बेहतरीन क्रिकेट प्रतिभाओं को दिखाया जाएगा, जिनमें आईपीएल और डब्ल्यूपीएल के स्टार्स जैसे आकाश मधवाल, आदित्य तारे और एकता बिष्ट शामिल हैं। यह रोमांचक टी20 टूर्नामेंट 22 सितंबर तक चलेगा, जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के मैच खेले जाएंगे, जो दर्शकों के लिए एक रोमांचक क्रिकेट अनुभव प्रदान करेगा। क्रिकेट प्रशंसक सभी मैचों का लाइव प्रसारण फैनकोड पर देख सकेंगे, जो यूपीएल के सभी मैचों का विशेष प्रसारण करेगा।

### एमेजॉन में इंजीनियरिंग एक्सीलेंस और क्वालिटी एश्योरेंस लाने की मिसाल

**संवाददाता** देहरादून। इंजीनियर्स टेक्नोलॉजी के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने और कंपनियों व इंडस्ट्रीज के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमेजॉन में हजारों की संख्या में इंजीनियर्स हैं, जो न सिर्फ जटिल समस्याओं से बखूबी निपटते हैं, बल्कि प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पर काम करते हैं। एमेजॉन में क्वालिटी इंजीनियर के रूप में कार्यरत सागर मेहता, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति इस समर्पण की जीती–जागती मिसाल हैं। गुजरात के ऐतिहासिक तटीय शहर पोरबंदर में जन्मे और पले–बढ़े सागर अपने परिवार में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले पहले व्यक्ति थे।

## क्रेडिट कार्ड अधिकारी बन बैंक खाते और एफडी से निकाले 14.87 लाख

**10 लाख रुपये की मासिक और आठ लाख रुपये दिन की लिमिट का**

**संवाददाता** हल्द्वानी। जालसाज ने खुद को पंजाब नेशनल बैंक का क्रेडिट कार्ड अधिकारी बताकर मंडी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति से 14.87 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित व्यक्ति ने साइबर थाना पंतनगर में तहरीर दी, जहां दर्ज जीरो एफआईआर जांच के लिए कोतवाली पुलिस को ट्रांसफर कर दी गई है। पुलिस ने जालसाजी के मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंडी क्षेत्र निवासी प्रहलाद सिंह को 27 अगस्त को अनजान नंबर से एक कॉल आई थी। अनजान कॉलर ने खुद को पंजाब नेशनल बैंक का क्रेडिट कार्ड अधिकारी बताया। इसके बाद व्हाट्सऐप पर एक लिंक भेजकर फॉर्म भरने की बात कही। इसमें नाम–पता, बैंक खाता संख्या, डेबिट कार्ड नंबर, डेबिट कार्ड के पीछे दर्ज सीवी नंबर एवं अन्य जानकारी भरनी थी। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार प्रहलाद सिंह ने फॉर्म भरकर वापस भेज दिया। कुछ देर बाद व्हाट्सऐप पर दिशा–निर्देश देने की बात कही और ऑनलाइन आमंत्रित किया। अज्ञात कॉलर ने कहा कि क्रेडिट कार्ड बन गया है और 72 घंटे के अंदर पहुंच जाएगा। उसने एक दिन में कार्ड से आठ लाख और दूसरी बार में दो लाख रुपये खर्च करने का झांसा दिया।

## अवैध संबंधों के चलते पड़ोसी ने की थी किशोर की हत्या

**संवाददाता** हल्द्वानी। लामाचौड़ क्षेत्र में बंद पड़ी एक स्टील फैक्ट्री में बीते गुरुवार को मृत मिले किशोर की हत्या का गई थी। शनिवार को एसएसपी ने खुलासा करते हुए बताया कि हत्या किशोर के ही पड़ोसी ने अवैध संबंधों का खुलासा होने के डर से की थी। दरअसल, किशोर को इसकी जानकारी हो गई थी। पुलिस ने मीरगंज बरेली निवासी हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बीते गुरुवार को बंद पड़ी फैक्ट्री के पास जंगल में करीब 150 मीटर अंदर पुलिस को 15 वर्षीय एक किशोर का शव मिला था। पुलिस ने शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट में किशोर की हत्या होने की बात सामने आई। उसका गला घोंटा गया था। साथ ही उसके सीने पर भी मांस दबने के निशान पाए गए। शक के आधार पर पुलिस ने किशोर के पड़ोसी मूलतः बरेली की मीरगंज तहसील के ग्राम दिमना पऊचा एवं हाल निवासी कमलुआगांजा सत्यवीर से सख्ती से पूछताछ की। इस दौरान सत्यवीर के आठ साल के बेटे ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह उसने किशोर को अपने पिता के साथ जाते हुए देखा था।

छानबीन आगे बढ़ी तो सत्यवीर ने बताया कि उसने अपने बेटे से किशोर को बुलवाया था। इसके बाद जंगली मुर्गी पकड़ने के बहाने बंद पड़ी फैक्ट्री के पास के जंगल में उसे ले गया। यहां उसने किशोर के सीने पर बैठकर गला घोंट दिया। मुखानी एसओ पंकज जोशी ने ने बताया कि किशोर के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## चार छात्राओं का उद्यमिता योजना के सीड फंड के लिए चयन पर छात्र–छात्राओं व शिक्षको में उत्साह

**■स्वरोजगार के उदाहरण को प्रस्तुत करने के लिए 75,000 का सीड फंड दिये जाने का प्रावधान**

**संवाददाता।**

पुरोला। देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने व पढ़ाई के साथ साथ स्वरोजगार की दिशा में कार्यक्षमता को बढाने को लेकर पुरोला के बीएल जुवांठा महाविद्यालय की चार छात्राओं का चयन सीड फण्ड योजना में स्टार्टअप के लिए होने से महाविद्यालय में छात्र– छात्राओं सहित शिक्षको में भारी उत्साह है।


उच्च शिक्षा विभाग में 600 स्थानीय उत्पादों पर आधारित प्रोजेक्ट में से 20 स्टार्टअप आइडिया की सूची जारी की जिसमें महाविद्यालय पुरोला की चार छात्राओं के समूह के आइडिया को रुपये 75000 के स्टार्टअप सीड फंड के लिए चुना गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने कहा कि राज्य उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के सहयोग से चयनित आईडिया को वास्तविक रूप से धरातल पर उतारकर स्वरोजगार के उदाहरण को प्रस्तुत करने के लिए 75,000 का सीड फंड दिये जाने का प्रावधान है।

वंही उद्यमिता योजना के नोडल महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. विनय नौटियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं मनीषा नौटियाल, काजल चौहान, शिवानी नेगी और अंजली रावत का चयन सामूहिक रूप से चूलू और चीड़ की पत्तियों के विभिन्न उत्पादों की योजना का मॉडल स्टार्टअप के लिए बूट कैंप और ई डी पी के समय प्रस्तुत किया गया था तथा कई बार की स्क्रीनिंग के माध्यम से सीड फंड के लिए चयन किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के वित्तीय सहयोग से क्षेत्र के युवाओं में स्वरोजगार के लिए उद्यम स्थापित करने की इच्छा जागृत होगी, साथ ही साथ पलायन जैसी समस्या में भी कमी आएगी वंही अन्य छात्र–छात्राओं व स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने अभिनव प्रयोग को शुरु करने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत और ई डी आई आई अहमदाबाद का विशेष आभार व्यक्त किया।

### ऋषिकेश में हिंदी दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

**संवाददाता** ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर हिंदी के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रमों में वक्ताओं ने हिंदी की महत्ता के बारे में भी बताया। बैराजमार्ग स्थित कैंप कार्यालय में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज से हिंदी विषय की अध्यापिका सुशीला बर्थवाल, रेखा बिष्ट, पंजाब सिंध क्षेत्र इंटर कॉलेज से ललित किशोर शर्मा, हरिश्चंद्र कन्या इंटर कॉलेज से सविता रानी, राजकीय इंटर कॉलेज ऋषिकेश से हेमलता कोठियाल को सम्मानित किया। मंत्री प्रेमचंद ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा का दर्जा मिला था। वर्ष 1953 से राजभाषा प्रचार समिति द्वारा इस दिन को मनाया जाने लगा। हिन्दी को विश्व के अनेक देशों में भी अपनाया गया है।

*लड़ाई लड़ने वाला तो विजय प्राप्त करता है परंतु दूर से देखने वाला तो सिर्फ तालियां बजाता रह जाता है। –अज्ञात*



विचार-प्रवाह
देहरादून, रविवार, 15 सितंबर 2024
पेज थ्री
www.page3news.in

# राजनीति का खेल

**पश्चिम बंगाल की राजनीति जितनी आक्रामक है, उतनी ही हिंसक भी। शायद इसकी वजह वहां के राजनीतिक इतिहास में है। 1970 और बाद के दशकों में राज्य ने नक्सलवादियों और सीपीएम कार्यकर्ताओं के बीच के हिंसक टकरावों को देखा।**

अनुज श्रीवास्तव।।

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अगर निराश हैं, तो समझ सकते हैं कि हालात कितने बुरे हैं। राष्ट्रपति का कहना है कि देश के लोगों का गुस्सा जायज है और वह भी गुस्से में हैं। लेकिन इस गुस्से को जाहिर करने के लिए पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन के दौरान जिस तरह की हिंसक घटनाएं हुईं, वे कम निराशाजनक या चिंताजनक नहीं।

बीजेपी ने 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया था। इस दौरान कई जगह से ठश्रच और ज्ड६ कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आईं, एक ठश्रच नेता पर हमले का आरोप है। तमाम लोगों को हिरासत में लेना पड़ा। स्थिति यह थी कि सरकारी बस ड्राइवर हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाते दिखे। पिछले कुछ दिनों से जो बंगाल भीतर ही भीतर सुलग रहा था, वह अचानक से फट पड़ा।



राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस हो या विपक्ष की बीजेपी दोनों ही पार्टियां महिलाओं की सुरक्षा चाहती हैं। फिर टकराव की स्थिति कैसे बन गई? इसका सीधा–सा जवाब है पॉलिटिक्स। महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को राजनीति का मुद्दा न बनाने की अपील करने वाले नेता भी अपनी जरूरत के मुताबिक बड़े आराम से इसे राजनीति का रंग दे देते हैं। बंगाल में यही हो रहा है।

टीएमसी प्रमुख और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने लगभग चेतावनी वाले अंदाज में कहा है कि अगर आग बंगाल में लगेगी तो यूपी, बिहार, असम और दिल्ली भी जलेंगे। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है, जो लाजिमी है। लेकिन, सोचने वाली बात है कि क्यों बंगाल बार–बार ऐसे हालात में फंसता है, जहां आग लगने की नौबत आ जाए। राज्य से थोड़े–थोड़े समय पर हिंसा की एक–जैसी तस्वीरें आती रहती हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति जितनी आक्रामक है, उतनी ही हिंसक भी। शायद इसकी वजह वहां के राजनीतिक इतिहास में है। 1970 और बाद के दशकों में राज्य ने नक्सलवादियों और सीपीएम कार्यकर्ताओं के बीच के हिंसक टकरावों को देखा। आरोप लगते रहे हैं कि कम्युनिस्ट दलों ने विपक्ष को पनपने नहीं दिया।

बदलाव की उम्मीदें जगाकर आई टीएमसी भी हिंसा के उसी चक्रव्यूह में फंस गई। ऐसा लगता है कि जो असामाजिक तत्व पहले सक्रिय थे, वे अब भी अपना 'खेल' दिखा रहे हैं, बस पार्टी बदल चुकी है। पश्चिम बंगाल बेहद संवेदनशील राज्य है। वहां हुई कोई भी घटना पूरे देश पर असर डालती है। ऐसे में पक्ष हो या विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि जनमत को प्रभावित करने की प्रक्रिया में इस बात का खास ख्याल रखें कि हिंसक तत्वों को बढ़ावा न मिले।

## तरकीब

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** अचानक उसे रास्ते में,एक मजदूर दिखाई देता है जो,रोड बनाने के काम में लगा हुआ था और वह आग के पास खड़ा होकर,डामर गर्म कर रहा था।
भोलाराम को तुरंत तरकीब सूझी। वह मजदूर के पास जाकर, थोड़ा सा डामर लेकर, मटकी के छेद में लगा देता है और डामर लगते ही, पानी टपकना बंद हो जाता है। भोलाराम मजदूर को धन्यवाद देते हुए, आगे बढ़ जाता है। समस्या का समाधान होते ही, भोलाराम का उत्साह दोगुना हो गया था और उसकी यात्रा की गति बढ़ चुकी थी। चार घंटों की यात्रा होते ही, भोलाराम बहुत थक जाता है और रोड के किनारे, एक पेड़ के पास बैठ जाता है। भोलाराम अपने साथ कुछ खाने पीने की सामग्री रखकर लाया था, जिसे निकाल कर वह खाने लगता है।

....शेष कल

## संपादकीय

### सरकार का रुख

चार जजों ने व्यवस्था दी कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत दलितों पर भी लागू होता है। जस्टिस गवई और जस्टिस मित्तल ने कहा कि आईएएस–आईपीएस के बच्चों को आरक्षण का लाभ देना दूसरों के प्रति अन्याय है। इस मुद्दे पर चार अलग–अलग लेकिन सहमति वाले फैसले हैं कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत लागू होना चाहिए। यानी छह जजों में चार की सहमति है। यहां बहुमत का सिद्धांत लागू होगा। अब देखना है कि सरकार इस पर क्या करती है। वैसे, प्रधानमंत्री ने एनडीए के दलित और आदिवासी सांसदों के एक शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि वर्तमान व्यवस्था में कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। क्रीमी लेयर के सिद्धांत को लागू करने में कुछ व्यावहारिक दिक्कतें हैं। ओबीसी के लिए जो आय की सीमा तय की गई है, वह माता –पिता की आय है, उम्मीदवार की आय नहीं। अब ऐसे भी उदाहरण हैं कि किसी को केवल किराए से लाखों रुपये की आमदनी हर महीने हो रही है। उसने सारी संपति बच्चों के नाम कर दी और उसके बच्चे आरक्षण के हकदार हो गए।

दलित जातियां छुआछूत का शिकार रही हैं। इसलिए उन्हें अनुसूचित जाति के वर्ग में रखा गया। संविधान लागू होने के बाद 1950 से लगातार उनके लिए आरक्षण की व्यवस्था चल रही है।


# कोई जाति बाहर नहीं हुई

सुधांशु रंजन।।

देवेंद्र सिंह बनाम पंजाब मामले में सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने 6रू1 के बहुमत से हाल ही में फैसला दिया कि राज्य सरकारें अनुसूचित जातियों और जनजातियों में उपवर्ग बना सकती हैं। यानी दलितों और आदिवासियों में किस जाति को कितना प्रतिनिधित्व मिला, इसकी जांच कर उनके अंदर श्रेणियां बनाई जा सकती हैं ताकि कुछ विशेष जातियां ही आरक्षण का लाभ न उठाती रहें। साथ ही, चार जजों ने सहमति वाले लेकिन अलग–अलग फैसले में मलाईदार परत (क्रीमी लेयर) की पहचान करने की जरूरत भी बताई।

इस फैसले का कई दलों ने विरोध किया है। प्रकाश आंबेडकर ने इसकी कड़ी आलोचना की है, जबकि चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी इसके विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। मायावती ने संविधान संशोधन कर इस फैसले को पलटने की मांग की तो मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया है कि सरकार की मंशा आरक्षण खत्म करने की है, वरना वह पिछले सत्र में ही इसे पलटने के लिए विधेयक ला सकती थी।

पहले समझते हैं कि मामला क्या है? दलित जातियां छुआछूत का शिकार रही हैं। इसलिए उन्हें अनुसूचित जाति के वर्ग में रखा गया।




संविधान लागू होने के बाद 1950 से लगातार उनके लिए आरक्षण की व्यवस्था चल रही है। बीच–बीच में यह विवाद हुआ कि दलितों और आदिवासियों में भी कुछ खास जातियों को ही इस आरक्षण का बड़ा हिस्सा मिल रहा है।

1960 के दशक में लोकुर कमिटी ने सुझाव दिया कि चर्मकारों की हैसियत काफी बेहतर हो गई है, इसलिए उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर कर देना चाहिए। लेकिन आज तक किसी भी जाति को आरक्षण के दायरे से बाहर नहीं किया गया। वहीं, आरक्षण वाली लिस्ट में नई जातियां जोड़ी जरूर जाती रहीं। शीर्ष अदालत के सामने भी यह मुद्दा उठा। ई वी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश मामले में अदालत की पांच जजों की एक संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से निर्णय दिया कि दलितों के अंदर उपवर्गीकरण करना उचित नहीं है। इसके पहले 1975 में पंजाब सरकार ने अधिसूचना जारी कर दलित आरक्षण को दो हिस्सों में बांट दिया। आधा वाल्मीकि और मजहबी सिखों के लिए और आधे में बाकी सब। लेकिन 25 जुलाई 2006 को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने चिन्नैया मामले में दिए गए शीर्ष अदालत के फैसले के आलोक में यह अधिसूचना रद्द कर दी। तब पंजाब सरकार ने पंजाब अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ी जातियां (सेवाओं में आरक्षण) अधिनियम, 2006 बनाया। इसमें तरजीह वाल्मीकि और मजहबी सिखों को दी गई, लेकिन 29 मार्च 2010 को हाई कोर्ट ने इसे भी निरस्त कर दिया।

पंजाब सरकार की दलील थी कि चिन्नैया का निर्णय सुप्रीम कोर्ट की 11 जजों की संविधान पीठ की ओर से 1992 में इंद्र साहनी मामले में दिए गए फैसले के अनुरूप नहीं है, जिसमें अन्य पिछड़े वर्गों में वर्गीकरण की बात कही गई है। मामला अंत में शीर्ष अदालत के पास आया। इसमें दो मुद्दे थे– क्या अनुसूचित जातियों और जनजातियों के भीतर भी उपवर्गीकरण किया जा सकता है जैसा कि सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए है। दूसरा, क्या राज्य सरकार ऐसा कर सकती है? इसलिए ऐसा करना संभव है और होना भी चाहिए। लेकिन राजनीतिक दल अपना नफा–नुकसान देखकर कोई कदम उठाते हैं।

### सूडोकू बवाल-5321

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू बवाल -5320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### कोर्ट का निर्णय

**मोहन।** अदालत ने कहा कि ऐसा किया जा सकता है और राज्य सरकारों के पास इसका अधिकार है। चिन्नैया के निर्णय पर इससे पहले कई बार सवाल उठ चुका था। जैसे, बिहार में जातीय जनगणना में पाया गया कि दलितों के बीच आपस में काफी विषमता है। धोबियों में प्रति 10,000 की आबादी में 124 उच्च शिक्षा प्राप्त हैं जबकि दुसाधों में यह संख्या 45 (प्रति 10,000) है। तमिलनाडु में भी दलितों की कुल आबादी का 16 प्रतिशत हिस्सा अरुणतथियार हैं, लेकिन सरकारी नौकरियों में उनकी हिस्सेदारी केवल आधा फीसदी है। खैर, हालिया फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दलितों में सबसे पिछड़ों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है। इसलिए वर्गीकरण आवश्यक है, लेकिन वह तार्किक हो। जस्टिस बी आर गवई ने (जो स्वयं दलित हैं) लिखा कि एक नौकरशाह के बच्चे और एक दिहाड़ी मजदूर के बच्चे को समान समझना, भले दोनों दलित हों, संविधान की मंशा के विपरीत होगा।





## इस दिन आ रही रणबीर कपूर, आलिया और विक्की कौशल की फिल्म

संजय लीला भंसाली की अगली बड़ी फिल्म, जिसका नाम लव एंड वॉर है, वह अपने घोषणा के समय से ही दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट पैदा कर रही है। बता दें कि रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल स्टारर इस फिल्म के बारे में दर्शक और ज्यादा जानने के लिए बेसब्र हो रहे हैं। ऐसे में सामने आए एक बड़े अपडेट के मुताबिक, यह मच अवेटेड फिल्म 20 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। खास बात यह है कि फिल्म की रिलीज के समय कुछ बड़े त्योहारों के कारण छुट्टियों का माहौल रहने वाला है। संजय लीला भंसाली की श्लव एंड वॉरश के लिए बढ़ाते हुए एक्साइटमेंट के बीच यह एक जबरदस्त अपडेट है। यह फिल्म 20 मार्च 2026 को ग्रैंड रिलीज के लिए तैयार है। इस तरह से फिल्म सबसे लंबी छुट्टियों का फायदा उठाने वाली है, क्योंकि रमजान, रामनवमी और गुड़ी पड़वा जैसे बड़े त्योहार एक के बाद एक आ रहे हैं। यह एक बड़ी फिल्म को रिलीज करने का सही समय है, क्योंकि इससे लोगों को पूरे छुट्टियों के मौसम में इसे एंजॉय करने का मौका मिलेगा। कहना होगा कि इस अनाउंसमेंट के साथ एक्साइटमेंट बढ़ गई है। संजय लीला भंसाली की फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल जैसे टैलेंटेड एक्टर्स को बड़े पर्दे पर एक साथ देखना बहुत ही एक्साइटिंग होने वाला है।

## सोनाक्षी सिन्हा ससुराल में नहीं बनातीं दाल-रोटी

सोनाक्षी सिन्हा पति जहीर इकबाल के साथ हैप्पी मैरिड लाइफ जी रही हैं। उनकी शादी 23 जून 2024 को हुई थी और ढाई महीने हो चुके हैं। फैंस से लेकर हर कोई जानना चाहता है कि सोनाक्षी की शादीशुदा जिंदगी कैसी बीत रही है। क्या वह भी शादी के बाद वैसा ही प्रेशर फील करती हैं, जैसा कई बार आम शादीशुदा लड़कियों पर देखा गया है? क्या सोनाक्षी पर ससुरालवाले या पति जहीर इकबाल खाना बनाने के लिए दबाव डालते हैं? एक्ट्रेस ने हाल ही एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की। सोनाक्षी सिन्हा ने एक इवेंट के दौरान कहा कि आज महिलाओं को शादी के बाद खाना पकाने का दबाव महसूस नहीं होता है क्योंकि आजकल लोग जानते हैं कि वो अपने काम में बिजी हैं और घर भी संभालना है। सोनाक्षी ने कहा कि वह जहीर से शादी के बाद जब मर्जी खाना बनाती हैं।

## अमिताभ बच्चन ने कॉकरोच से निपटने लिए खूब लगाया तिकड़म



कौन बनेगा करोड़पति 16 के नए एपिसोड में, प्रणति पेदिपति हॉटसीट लेने वाली पहली कंटेस्टेंट बनीं। फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड के बाद होस्ट अमिताभ बच्चन मकड़ी के पैरों की गिनती पर चर्चा करते हैं। कंटेस्टेंट का कहना है कि कॉकरोच के पैर भी गिनना मुश्किल है। बिग बी ने खुलासा किया कि उन्हें कॉकरोच से भी डर लगता है। वह कहते हैं, वो तो मरते ही नहीं हैं। अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, इन्हें मारने के लिए मैंने कई प्रयोग किये हैं। एक बार मैंने एक बोतल ली, उसमें कीटनाशक पाउडर डाला और बड़ी मुश्किल से मैंने एक कॉकरोच को पकड़ा और उसे बोतल के अंदर डाल दिया। जैसे ही दर्शकों ने तालियां बजाना शुरू किया, बिग बी ने कहा, कहानी यहीं खत्म नहीं होती। एक हफ्ते के बाद जब मैंने बोतल खोली तो कॉकरोच बोतल से बाहर उड़ गया। फिर वह कंटेस्टेंट से उनके पेशे के बारे में पूछते हैं। प्रणति कहती हैं कि वह एक एंड्रॉइड ऑटोमोटिव डेवलपर हैं। बिग बी पूछते हैं, श्ये सब करने की क्या जरूरत थी? वह कहती हैं, श्मुझे कारें पसंद हैं। मैं कारों की दीवानी हूं। अगर मुझे सड़क पर कोई कार दिखती है तो मैं उसे देखती ही रह जाती हूं।श बिग बी फिर पूछते हैं कि क्या वह गाड़ी चलाना जानती हैं और वह कहती हैं, मैं गाड़ी नहीं चला सकती लेकिन अगर आप मेरे साथ ड्राइव पर चलेंगे तो मैं आपका मनोरंजन करूंगी। बिग बी कहते हैं, श्अब से जब भी मैं ड्राइव पर निकलूंगा तो आपको याद करूंगा।

# महिमा चौधरी के बर्थडे पर हिना खान ने उड़ेला प्यार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




*टीवी एक्ट्रेस हिना खान ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। वो सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं और हेल्थ अपडेट देती रहती हैं। अब उन्होंने बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। ये फोटो तब की है, जब हिना की पहली कीमोथेरेपी हुई थी और महिमा अचानक हॉस्पिटल पहुंच गईं थीं। उनकी हिम्मत बढ़ाने और उन्हें हौसला देने के लिए। हिना ने महिमा के बर्थडे पर उनकी जमकर सराहना की है।*

**पहली कीमोथेरेपी में अस्पताल पहुंच दी थी हिम्मत**

इस फोटो में हिना खान हॉस्पिटल के बेड पर नजर आ रही हैं। उनके गले पर पट्टी है। हाथ में विगो लगा हुआ है। महिमा चौधरी उनके बगल में बैठी हुई हैं और दोनों मुस्कुराते हुए पोज दे रहे हैं।

**हिना खान ने महिमा चौधरी की जमकर की तारीफ**

36 साल की हिना ने कैप्शन में लिखा, ये पिक्चर तब की है, जब मेरा पहला कीमो हुआ था। और इस महिला रूपी एंजेल ने मुझे अस्पताल में अचानक हैरान कर दिया। वो मेरे साथ रहीं और मुझे



गाइड किया, प्रेरित किया और मेरी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर में मेरे सामने रोशनी बनकर आईं। वो हीरो हैं। सुपर ह्यूमन बीइंग हैं। मेरा रास्ता, उनके रास्ते से आसान हो, इसके लिए उन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया और हर कदम पर मुझे दिलासा दिया।श

महिमा की मुश्किलें, हिना के लिए बनीं सबक

हिना ने बताया, महिमा की कठिनाइयां मेरी जिंदगी के सबक बन गईं। उनका प्यार और दलालुता मेरा बेंचमार्क बन गया और उनकी हिम्मत मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य बन गया। हम दोस्त बन गए। उन्होंने मुझे कभी महसूस नहीं होने दिया कि मैं अकेली थी। मुझे विश्वास दिलाया कि मैं इससे पार पाऊंगी। मालूम हो कि महिमा खुद ब्रेस्ट कैंसर से जंग लड़ चुकी हैं।

# श्रद्धा आर्या ने अब पर्स से छिपाया बेबी बंप!

*पिछले कुछ हफ्तों से इंटरनेट पर श्रद्धा आर्या की प्रेग्नेंसी की खबरें छाई हुई हैं। कुंडली भाग्यश एक्ट्रेस को एक ही सप्ताह में दो बार देखा गया है। उनकी हालिया आउटिंग उनके को-एक्टर्स अंजुम फकीह के जन्मदिन के जश्न के लिए थी। उनकी ड्रेस की पसंद ने उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर नई अटकलों को जन्म दिया।*




श्रद्धा आर्या ने काले रंग का क्रॉप टॉप पहना था, जिसमें उनका मिड-रिफ दिख रहा था। उन्होंने इसे हाई-वेस्ट ब्लैक पैंट और ऊपर ब्लैक जैकेट के साथ पेयर किया। उनके ऑल-ब्लैक आउटफिट ने सुर्खियां बटोरीं। कुछ गिद्ध की नजर वाले दर्शकों ने उनके बेबी बंप को नोटिस कर लिया है। श्रद्धा आर्या के साथ उनके पति राहुल नागल भी थे। इंटरनेट पर एक वीडियो भी सामने आया जिसमें दोनों को अपनी कार पार्क करने के बाद वेन्यू की ओर जाते हुए दिखाया गया। पैप्स को देखकर, श्रद्धा ने अपने पेट को अपने हाथ में लिए क्लच से ढक लिया। नेटिजन्स को लगता है कि यह इशारा उनके बंप को ढकने के लिए था।

**श्रद्धा आर्या की चोरी पकड़ी गई?**

श्रद्धा आर्या के साथ कुंडली भाग्य के बाकी के कलाकार पारस कलनावत, सुप्रिया शुक्ला और अभिषेक कपूर भी वहां थे। ग्रुप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर तस्वीरें शेयर कीं जिससे फैंस खुश हो गए। एक एक्टर ने फोटोज अपलोड कीं और लिखा, हम चारों का कुंडली में मिलना था। हमारा भाग्य यही चाहता था।

**अंजुम फकीह के बर्थडे बैश में ये सारे**


पारस कलनावत और अभिषेक कपूर ने अंजुम फकीह के बर्थडे से तस्वीरें भी अपलोड की। उनके अलावा अंजुम फकीह के खतरों के खिलाड़ी 13 के दोस्त अर्जित तनेजा और सौंदस मौफकिर भी वहां थे।

**साड़ी से छिपाया बेबी बंप**

इस बीच, श्रद्धा आर्या के बारे में बात करते हुए बता दें कि कुछ दिनों पहले उन्हें गणपति दर्शन के लिए बाहर निकलते समय एक खूबसूरत कढ़ाई वाली साड़ी पहने देखा गया था। इंटरनेट पर सामने आए वीडियो में वह अपने पेट को साड़ी के पल्लू से ढकती नजर आ रही हैं। नेटिजंस ने लिखा कि वह इस तरह अपना बेबी बंप छिपा रही हैं।

# मक्खन की तरह चर्बी पिघला देगी ये हरी सब्जी

*जुकिनी को अपनी वेटलहस जर्नी में शामिल करके आप अपने लक्ष्य को जल्दी पा सकते हैं। फाइबर और पानी से भरपूर इस सब्जी में बहुत ही कम कैलोरी होती है।*



वजन कम करना हर किसी के लिए एक मुश्किल टास्क है। लेकिन कुछ हेल्दी सब्जियां वेटलॉस जर्नी में आपकी बड़ी मददगार बन सकती हैं। ऐसी ही एक पौष्टिक और सेहतमंद सब्जी है जुकिनी। बहुत कम कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट वाली इस सब्जी को आप सलाद के साथ ही कई अन्य डिशेज में आसानी से शामिल कर सकते हैं। मेधावीज न्यूट्रिफिट की डॉ. मेधावी गौतम के अनुसार पानी और फाइबर से भरपूर होने के कारण यह आपके पाचन तंत्र को भी सेहतमंद रखती है। आइए जानते हैं कैसे वजन कम कर सकती है जुकिनी। अगर आप डायबिटीज से पीड़ित हैं और वजन कम करना चाहते हैं तो जुकिनी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी कम होता है। इसे खाने से आपका ब्लड शुगर तेजी से नहीं बढ़ता है। इतना ही नहीं यह आपकी शुगर क्रेविंग को भी कंट्रोल करती है।

**फाइबर से भरपूर**

जो भी फूड फाइबर से भरपूर होते हैं, वे वेटलॉस में बहुत मददगार होते हैं। इसलिए जुकिनी भी वजन कम करने में असरदार साबित होती है। इसमें घुलनशील फाइबर होता है, जो धीरे-धीरे पचता है। ऐसे में आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। आपको बार-बार भूख नहीं लगती है।

**पानी से भरपूरः** जुकिनी को आप विदेशी खीरा कह सकते हैं। यह पानी से लबालब होता है। इसमें करीब 95ः पानी होता है। इसके सेवन से आपका शरीर हाइड्रेट रहता है। इससे आपको तृप्ति महसूस होती है, जिससे फूड क्रेविंग भी कम होती है।

**सुधरता है मेटाबॉलिज्मः** वजन कम करने में अच्छा मेटाबॉलिज्म बहुत मायने रखता है। यह शरीर में वसा को जमने नहीं देता है। जुकिनी फाइबर रिच होती है, जिसके कारण यह मेटाबॉलिज्म को सुधारती है और पाचन तंत्र को मजबूत बनाती है। इससे कब्ज, अपच जैसी परेशानियां दूर होती हैं और वजन भी कंट्रोल होता है।

**कम होती है कैलोरी**

जुकिनी में कैलोरी भी बहुत कम होती है। 100 ग्राम जुकिनी में मात्र 17 कैलोरी होती है। ऐसे में साफ है कि इसे खाने से पेट जल्दी भरता है और कैलोरी शरीर में कम जाती है। इसलिए आप इसे बिना टेंशन के खा सकते हैं।



## बारिश में बच्चों में बढ़ जाता है वायरल इन्फेक्शन का खतरा

बड़े हो या बच्चे बरसात के मौसम में सर्दी, जुकाम, बुखार होना आम बात है। इस मौसम में डॉक्टर के क्लीनिक और अस्पतालों में लोगों की लंबी लाइन नजर आती है जिनमें ज्यादातर मरीज बच्चे होते हैं। मानसून के दौरान हवा में नमी ज्यादा होती है जिसे हानिकारक शुष्म जीव पनपते हैं और बीमारियां फैलती है। इस मौसम में कई वायरस, बैक्टीरिया और दूसरे इन्फेक्शन के संपर्क में आने का खतरा काफी बढ़ जाता है। खासतौर पर बच्चे वायरल इंफेक्शन की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। ऐसे में मानसून के मौसम में कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना पड़ता है। तापमान में अचानक परिवर्तन के कारण रेस्पिरेटरी इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसका असर बच्चों की इम्युनिटी पर भी पड़ता है। भारी बारिश के कारण वायु प्रदूषण में इजाफा होता है जो बच्चों के लिए काफी हानिकारक माना जाता है। इस प्रदूषित हवा में सांस लेने से बच्चों को खांसी, गले में खराश, छींक, घरघराहट और सर्दी जैसी कई समस्याएं हो सकती है। बरसात के मौसम में बाहर के खाने से हमेशा बचना चाहिए। इससे पेट से जुड़ा इंफेक्शन होने का रिस्क बढ़ जाता है। खासतौर पर रोड साइड फूड से इस मौसम में परहेज करना चाहिए। खुली और गंदी जगह में बनने वाले खाने और पीने की चीज कई तरह के कीटाणुओं के संपर्क में आ सकती है जिससे डायरिया, उल्टी पेट में दर्द, पेट का फूलना आदि जैसी समस्याएं हो सकती है।

## शरीर में गंदा कफ बढ़ने के लक्षण, दिखते ही छोड़ दें काम

आयुर्वेद कहता है कि शरीर तीन दोषों पर टिका है। यह दोष शरीर की प्रवृति बताते हैं। इन्हीं के मुताबिक इंसान को खाना-पीना और जीवनशैली का चुनाव करना चाहिए। इनके बिगड़ने पर खास लक्षण दिखते हैं और अलग-अलग बीमारी हो जाती हैं। दोषों को संतुलित किए बिना समस्याओं को जड़ से ठीक नहीं किया जा सकता है। इन प्रवृति में से एक कफ दोष है। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. तन्मय गोस्वामी ने कफ दोष असंतुलन के 6 लक्षण बताए हैं। फेफड़ों में जमने वाले कफ की तरह आयुर्वेद के कफ की प्रवृति भी चिपचिपी होती है। अगर आपको हल्की-हल्की ठंड का एहसास हो रहा है तो इसके पीछे कफ असंतुलन हो सकता है। बढ़े हुए कफ दोष को गंदगी की तरह देखा जा सकता है। इसे ठीक करने के लिए आपको कुछ आदतों को छोड़कर कुछ खास काम शुरू कर देने चाहिए। शरीर को ठंडक का अधिक एहसास होना, शरीर चिपचिपा या गीला सा रहना और स्किन पर लेप जैसा पदार्थ दिखना, शरीर में एक जगह या पूरे में दर्द रहना जैसे संकेतों पर रखें ध्यान।

# हार्मोनल असंतुलन को महिलाएं न लें हल्के मे, हो सकती है बीमारियां



*पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन की समस्या ज्यादा होती है। पीरियड्स, प्रेगनेंसी या मेनोपॉज के दौरान औरतों के हारमोंस में उतार चढ़ाव आते हैं। इसके अलावा आजकल लाइफस्टाइल में गड़बड़ी भी इसकी एक वजह है। यदि इसे अनदेखा कर दिया जाए तो कई गंभीर समस्याएं हो सकती है। ऐ से में एक औरतों को अपनी सेहत का अधिक ध्यान रखना चाहिए। हार्मोनल इंबैलेंस होने पर महिलाओं में कुछ लक्षण दिखाई देने लगते हैं। ऐसे में इन लक्षणों को पहचानकर तुरंत सतर्क हो जाना चाहिए। पीरियड्स में देरी या स्किप होना और थायराइड जैसी समस्याएं हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से ही होती है। इससे औरतों में मूड स्विंग भी होता है। अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव करके और खाने-पीने का ध्यान रखकर महिलाएं इस तरह की समस्याओं से बच सकती हैं।*

**हार्मोन्स क्या है?**

हार्मोन्स रासायनिक पदार्थ होते हैं जो शारीरिक गतिविधियों को संचालित करते हैं। यह बॉडी में विभिन्न अंगों द्वारा उत्तसृजित होते हैं और ब्लड के माध्यम से पूरे शरीर में फैलते हैं। हार्मोन्स न्यूरोकेमिकल होते हैं जो अमीनो एसिड के बनते हैं। पाचन से लेकर प्रजनन और शारीरिक विकास जैसे कई फंक्शंस के लिए हार्मोन्स ही जिम्मेदार होते हैं। मानव शरीर में कुल 230 तरह के हार्मोन्स पाए जाते हैं।

**महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के लक्षण**

औरतों में हार्मोनल बदलाव होने पर थकान, बालों का झड़ना या ज्यादा बालों का उगना, मुंहासे, अनिद्रा ड्राई स्किन, सिर दर्द,




मांसपेशियों में कमजोरी, चिड़चिड़ापन, रात को पसीना आना आदि जैसे कई लक्षण दिखाई पड़ते हैं।

**हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से होती है ये बीमारियां**

पीरियड्स में गड़बड़ी यानी पीसीओडी और पीसीओएस भी हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से होता है। हारमोंस में होने वाली गड़बड़ी के कारण औरतों की प्रजनन क्षमता भी प्रभावित होती है। इसके अलावा महिलाओं को डायबिटीज की भी समस्या हो सकती है। खासतौर पर हार्मोनल असंतुलन की वजह से औरतों को टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा ज्यादा रहता है। हारमोंस में उतार-चढ़ाव के कारण औरतों को कंसीव करने में भी परेशानी हो सकती है। हार्मोनल बदलाव की वजह से यदि आपको गंभीर मूड स्विंग का सामना करना पड़ रहा है तो आपको तुरंत अपने हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लेनी चाहिए।

**हार्मोनल इंबैलेंस से बचाव के उपाय**

हार्मोनल इंबैलेंस से बचने के लिए महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जरूरत होती है। आप रोजाना अपने दिन की शुरुआत व्यायाम से करें। तनाव से बचने के लिए आप योग और ध्यान का सहारा भी ले सकती हैं। इसके अलावा ब्रीदिंग एक्सरसाइज से भी आपको आपको काफी फायदा हो सकता है। फिट और एक्टिव रहने के लिए पर्याप्त नींद की जरूरत होती है। ऐसे में आप समय पर सोने की आदत डालें और नींद में कमी ना होने दें। हार्मोनल असंतुलन से बचने के लिए आपको कैफीन और अल्कोहल के सेवन से भी दूर रहना होगा। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप अपने डॉक्टर से भी सलाह ले सकती हैं।

**डाइट में शमिल करें ये चीजें**

खाने पीने की आदतों में बदलाव करके और कुछ हेल्दी फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करके महिलाएं हार्मोनल बदलाव से बच सकती हैं।

*इन सब्जियां का करें सेवनः* ब्रोकली, चुकंदर, पालक, टमाटर आदि का अधिक मात्रा में सेवन करें। इनमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके शरीर को मजबूत बनाने के अलावा हार्मोन्स को भी बेलेंस करने में मदद करते हैं। बादाम में हेल्दी फैट होने के अलावा अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं जो हार्मोन्स को नियंत्रित रखते हैं।

## डायबिटीज के कारण कर ली है आलू से तौबा! ऐसे खाना है सेफ नहीं बढ़ेगी शुगर



चाट से लेकर सब्जियों तक आलू का एकछत्र राज है। इंडियन स्नैक्स बनाने हो या फिर सब्जियों के साथ जोड़ना हो, आलू हर जगह बड़ी ही आसानी से एडजस्ट हो जाता है। यही कारण है कि बच्चे हों या बड़े, ये सभी को पसंद होता है। लेकिन समस्या तब खड़ी होती है, जब शुगर पेशेंट यानी डायबिटीज से पीड़ित लोगों को इस टेस्टी सब्जी से दूरी बनानी पड़ती है। दरअसल, आलू हाई कार्बोहाइड्रेट फूड की श्रेणी में आता है। ऐसे में इसमें कैलोरी का भंडार होता है। हालांकि आजकल आलू के कई विकल्प लोगों के पास हैं। लाल आलू और सफेद आलू बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। 100 ग्राम लाल आलू में करीब 87 कैलोरी होती है। वहीं इतने ही सफेद आलू में करीब 100 कैलोरी होती हैं। अधिकांश घरों में आलू को उबालकर काम में लिया जाता है। डायटीशियन अर्चना जैन के अनुसार जब आप आलू को उबालते हैं तो उसकी कैलोरी अपने आप कम हो जाती हैं। खास बात यह है कि इससे आलू के पौष्टिक तत्व खराब नहीं होते। इसमें विटामिन बी 6, विटामिन सी और पोटेशियम जैसे तत्व बने रखते हैं। आलू चाहे उबले हुए हों या फिर बेक्ड, दोनों ही स्थिति में पौष्टिक होते हैं। लेकिन अगर आप डायबिटिक हैं तो आपके लिए उबले हुए आलू खाना फायदेमंद है।



भारत अब 2-1 से आगे

दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही कप्तान हरमप्रीत सिंह ने भारत को 2–1 की बढ़त दिला दी। टूर्नामेंट में पहली बार भारत पिछड़ा था, जिसकी कमी पूरी कर दी गई। पेनल्टी कॉर्नर स्पेशलिस्ट हरमन ने पाकिस्तान पर लीड 2–1 कर दी। पहले क्वार्टर में पाकिस्तान ने गोल करके हर किसी को चौंका दिया है। मजबूत समझी जा रही भारतीय टीम अब 0–1 से पिछड़ रही है। यह दाईं ओर से हन्नान शाहिद ने एक जबरदस्त पास दिया, नदीम अहमद को काफी जगह मिल गई और पाकिस्तान ने गोल कर दिया।

## भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वि पाकिस्तान को 2-1 से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वि पाकिस्तान को 2–1 से हराकर अपना विजयी अभियान जारी रखा है। पांच मैच में पांच जीत के साथ डिफेंडिंग चैंपियन भारत अंक तालिका में टॉप पर बरकरार है। नीलकंठ शर्मा को हीरो ऑफ द मैच से नवाजा गया। पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी पेरिस ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट भारतीय टीम ने इससे पहले चीन को 3–0 से, जापान को 5–1, मलयेशिया को 8–1 जबकि कोरिया को 3–1 से हराया है। दूसरी ओर, महान फॉरवर्ड ताहिर जमां के मार्गदर्शन में खेल रही पाकिस्तानी टीम ने मलयेशिया और कोरिया से 2–2 से ड्रॉ खेला। जबकि उसने जापान को 2–1 और चीन को 5–1 से हराया अब उसे भारत से हार का सामना करना पड़ा।

मैच का पहला गोल पाकिस्तान की ओर से आठवें मिनट में आया। फील्ड गोल के साथ नदीम अहमद ने अपनी टीम को 1–0 की लीड दिला दी, लेकिन इसके बाद भारत ने कोई मौका नहीं दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कुछ ही देर में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। पहले क्वार्टर के बाद स्कोर भले ही 1–1 के साथ बराबर था, लेकिन दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, इसे भी सरपंच साब ने नेट के भीतर डाला।

# भारत मुझे माफ करे, मैं चयनकर्ता होता तो श्रेयस को नहीं चुनता

## पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज का सनसनीखेज बयान

क्रिकेट

- बासित अली ने श्रेयस अय्यर की लगा दी क्लास
- श्रेयस खेल का सम्मान नहीं कर रहे हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। घरेलू क्रिकेट में श्रेयस अय्यर के खराब फॉर्म पर पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी बासित अली अय्यर ने सवाल उठाए हैं। बासित ने श्रेयस अय्यर को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि अय्यर में टेस्ट क्रिकेट के लिए भूख नहीं है। उन्होंने ने यह भी कहा कि रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को दलीप ट्रॉफी में मौका नहीं मिला, लेकिन अय्यर इसका सम्मान नहीं कर रहे।

बासित ने कहा, एक क्रिकेटर के तौर पर मुझे उन्हें देखकर दुख होता है। अगर आप आउट हो रहे हैं, तो आपका ध्यान खेल पर नहीं है। खास तौर पर टेस्ट क्रिकेट में। उन्होंने वर्ल्ड कप में दो शतक लगाए हैं, वह आईपीएल जीतने वाले कप्तान हैं, उन्हें यहां 100–200 रन बनाने चाहिए थे। अय्यर बहुत भाग्यशाली हैं कि रहाणे और पुजारा दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं।



बासित ने आगे कहा, अय्यर में टेस्ट क्रिकेट के लिए भूख नहीं है। वह सिर्फ बाउंड्री के भूखे हैं। आपको इसे प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर वह सोच रहे हैं कि वर्ल्ड कप में दो शतक लगाने के बाद वह विराट कोहली जैसे हो गए हैं, तो नहीं, ऐसा नहीं होता। मैं उन भारतीयों से माफी चाहता हूं जो उन्हें पसंद करते हैं, लेकिन अगर मैं भारत का चयनकर्ता होता, तो अय्यर दलीप ट्रॉफी में बिल्कुल भी नहीं चुनता। वह खेल का सम्मान नहीं कर रहे हैं।

बता दें कि दलीप ट्रॉफी के दूसरे राउंड में श्रेयस अय्यर के पास अपनी साख साबित करने का अहम मौका था, लेकिन अपनी बल्लेबाजी से कुछ खास कमाल दिखाने के बजाय अय्यर पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट हो गए। हैरानी की बात तो यह रही कि वह काला चश्मा पहनकर क्रीज पर उतरे थे। इसे उनकी और मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# मुंबई इंडियंस के अगले कप्तान ने घरेलू क्रिकेट में मचाया तहलका

- भारत ए के लिए ठोका शानदार शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम मुंबई इंडियंस हमेशा घरेलू क्रिकेट में अच्छा करने वाले युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताती है। डोमेस्टिक क्रिकेट से चुन–चुनकर प्लेयर उठाती है। दलीप ट्रॉफी 2024 में मुंबई इंडियंस के ऐसे ही कुछ युवा खिलाड़ी छा रहे हैं। ईशान किशन के शतक और अंशुल कम्बोज के पांच विकेट के बाद अब तिलक वर्मा ने भी सेंचुरी ठोक दी है। मुंबई इंडियंस के भविष्य के कप्तान माने जाने वाले तिलक वर्मा ने इंडिया डी के खिलाफ शतकीय पारी खेली। इस तरह मैच के तीसरे दिन इंडिया ए की इंडिया डी पर लीड 500 रन के करीब हो चुकी है।

दूसरे दिन यानी 13 सितंबर की शाम मयंक अग्रवाल के आउट होने के बाद तिलक वर्मा क्रीज पर बल्लेबाजी करने उतरे थे। दिन का खेल खत्म होने के बाद वह नाबाद लौटे। तीसरे दिन उन्होंने क्रीज पर समय गुजारा और धीरे–धीरे शतक की ओर बढ़ने लगे।

तिलक ने अपना शतक 177 गेंदों में पूरा किया। उनकी शतकीय पारी में नौ चौके भी थे। 2020–21 के विजय हजारे ट्रॉफी में दो शतक बनाकर सनसनी मचाने वाले तिलक वर्मा को मुंबई इंडियंस ने 2022 के मेगा ऑक्शन में 1 करोड़ 70 लाख की भारी भरकम कीमत में खरीदा था जबकि उनका बेस प्राइस सिर्फ 20 लाख था। तब से यह अनकैप्टड खिलाड़ी मुंबई इंडियंस की मिडिल ऑर्डर की जान बना हुआ है। साल 2023 में उन्हें भारत के लिए खेलने का मौका मिल गया।

भारतीय टीम के लिए चार वनडे और 16 टी–20 इंटरनेशनल खेल चुके तिलक वर्मा को कप्तान रोहित शर्मा का खास माना जाता है। तिलक वर्मा लंबे समय बाद मैदान पर वापसी कर रहे थे। आखिरी बार उन्हें आईपीएल 2024 के दौरान एक्शन में देखा गया था। पहली पारी में बाएं हाथ का यह बल्लेबाज 33 गेंदों में सिर्फ 10 रन ही बना पाया थे। विरोधी कप्तान श्रेयस अय्यर ने उनका शानदार कैच लपका था। मगर दूसरी पारी में तिलक का बल्ला चल गया।

तिलक से पहले इसी पारी में इंडिया ए के लिए प्रथम सिंह ने भी सेंचुरी ठोकी, जो घरेलू क्रिकेट में दिल्ली और रेलवे की ओर से खेलते हैं।

## ट्रेविस हेड पहली बार कर रहे ऑस्ट्रेलिया टीम की कप्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम इन दिनों इंग्लैंड के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सोफिया गार्डन में खेले जा रहे दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टॉस के दौरान ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान मिचेल मार्श की जगह ट्रेविस हेड मैदान पर आए। ऐसे में कंफ्यूजन की स्थिति बन गई। दरअसल आज के मैच में ट्रेविस हेड ही कंगारू टीम की कमान संभाल रहे हैं। वह पहली बार ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर रहे हैं। मिचेल मार्श बीमारी के कारण दूसरा टी20 मैच नहीं खेल रहे हैं। टॉस के दौरान हेड ने बताया, मिचेल थोड़ा अस्वस्थ हैं, इसलिए यह बदलाव। हमने आज प्लेइंग 11 में तीन बदलाव किए हैं। हम इंटेंट के साथ खेलना चाहते हैं, हमारे पास बीच में कुछ अद्भुत हिटर हैं।

## न्यूज डायरी



### कपिल शर्मा के शो में नजर आएंगे रोहित और सूर्यकुमार यादव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का चैंपियन बना था। अब इस चैंपियन टीम के कुछ खिलाड़ी जल्दी ही टीवी के एक शो में नजर आने वाले हैं। यहां भी रोहित शर्मा अगुआई करते हुए दिखाई देंगे। दरअसल, द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शोश का दूसरा सीजन शुरू होने वाले वाला है। दूसरा सीजन 21 सितंबर से शुरू होगा। इसके लिए एक प्रोमो वीडियो लॉन्च किया गया है। इस प्रोमो वीडियो में बॉलीवुड के बड़े सितारे और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के जुनियर एंटीआर भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद इस प्रोमो में भारतीय टीम के सितारे भी नजर आए। वीडियो में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज अक्षर पटेल नजर आए। इस वीडियो में कपिल रोहित से एक सवाल पूछते हैं कि पिछली बार जब आप यहां आए थे तो भारतीय टीम रनरअप रही थी। इस बार आप चैंपियन बनकर आकर हैं। क्या आपके लिए द कपिल शर्मा शो लकी रहा है? इस सवाल पर सभी हंसते हुए दिखाई दिए। बता दें कि भारत ने 17 साल बाद दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता था। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को फाइनल में हराया था। सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का एक ऐतिहासिक कैच लपका था।

### मोर्ने मोर्केल ने गेंदबाजी कोच बनने के बाद पिता को किया फोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के गेंदबाजी कोच नियुक्त किए जाने के बाद मोर्ने मोर्केल ने अपने पिता के साथ हुई भावुक बातचीत का खुलासा किया है। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसका एक वीडियो अपलोड किया है। वीडियो में मोर्केल ने खुलासा किया कि अपनी नियुक्ति की खबर मिलने के बाद, उन्होंने सबसे पहले अपने पिता को फोन करके इस बात की जानकारी दी थी। मोर्ने मोर्केल को 1 सितंबर को आधिकारिक तौर पर गेंदबाजी कोच को नियुक्त किया गया था। मोर्केल फिलहाल भारत में टीम के साथ बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारियों में व्यस्त हैं। दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से खेला जाएगा। इससे पहले 12 सितंबर से चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में एक कैंप का आयोजन किया गया। इसी कैंप से मोर्ने मोर्केल भी टीम के साथ जुड़े। मोर्केल ने कहा, जब मैंने कॉल समाप्त की, तो मैं कमरे में लगभग पांच मिनट तक बैठा रहा और इस पर विचार करता रहा और मैंने सबसे पहले अपने पिता को फोन किया। उन्होंने मुझसे बात की, मैं अपनी पत्नी के पास भी नहीं गया। आप जानते हैं, आम तौर पर वे कहते हैं कि पहले अपनी पत्नी के पास जाओ, लेकिन मैंने अपने पिता से बात की। यह मेरे लिए काफी खास पल है। मैं बस इतना खुश हूं कि हमने आखिरकार चीजों को आगे बढ़ाया, और मैं यहां हूं। मोर्केल ने आगे कहा, यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ियों के साथ अच्छा तालमेल बिठाया जाए। मैंने कुछ खिलाड़ियों के साथ काफी क्रिकेट खेला है।

### लिविंगस्टोन और बेथेल ने इंग्लैंड को सीरीज में दिलाई बराबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही तीन मैचों की टी20 सीरीज में वापसी करते हुए दूसरे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने जैक फ्रेजर–मैकगर्क (31 गेंद पर 50 रन) के पहले अर्धशतक की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 193⁄6 का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में, इंग्लैंड ने 19 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। लियाम लिविंगस्टोन ने 87 (47) रन की शानदार पारी खेली और अपनी टीम को सीरीज में बराबरी पर ला खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए, मैथ्यू शॉर्ट ने तीन ओवर में 5⁄22 का शानदार स्पेल डाला, जो बेकार गया। इससे पहले दिन में, पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने पर, ट्रेविस हेड ने एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया को गेंद पर 31 रन बनाकर शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन पांचवें ओवर में वे ब्रायडन कार्स का शिकार हो गए। मैथ्यू शॉर्ट भी अपनी शुरुआत को भुनाने में विफल रहे और 24 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें आदिल राशिद ने क्लीन बोल्ड कर दिया। हालांकि, जैक फ्रेजर–मैकगर्क ने शुरुआती झटकों को पीछे छोड़ते हुए चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 31 गेंद पर 50 रन बनाकर अपना पहला टी20 अर्धशतक जड़ा।

पेज थ्री
देहरादून

हमारा दून

देहरादून, रविवार, 15 सितंबर 2024


आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण पखवाड़े के तहत किया जागरूकता कार्यक्रम।



## संक्षिप्त समाचार

### वाद–विवाद में दीपिका और वश रहा अब्बल

**संवाददाता** देहरादून। वर्ल्ड इंटीग्रिटी सेंटर (डब्ल्यूआईसी) इंडिया देहरादून ने हिंदी दिवस पर इंटर स्कूल वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में जिम्प पायनियर स्कूल की दीपिका और पाइन हॉल स्कूल के वश साहू के बीच प्रथम स्थान के लिए टाई हुआ। फर्स्ट रनर–अप का स्थान सृजन पब्लिक स्कूल की प्रिया साहू को मिला, जबकि सेकंड रनर–अप का स्थान हिम ज्योति अकादमी की भूमिका रावत को मिला। प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, पाइन हॉल स्कूल, जिम्प पायनियर स्कूल, आईटी चिल्ड्रेन एकेडमी, हिम ज्योति स्कूल और सृजन पब्लिक स्कूल सहित छह स्कूलों ने भाग लिया। निर्णायक फ्रीलान्स हिंदी शिक्षिका संगीता रावत और सनराइज एकेडमी में हिंदी की विभागाध्यक्ष मोनिका शर्मा रही।

### इंजीनियरिंग दिवस पर छात्रों ने दिखाया तकनीकी कौशल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल विश्वविद्यालय में शनिवार को इंजीनियर्स दिवस मनाया गया। इस दौरान तकनीकी प्रदर्शनी के माध्यम से इंजीनियरिंग के छात्रों ने अपना तकनीकी कौशल दिखाया। जिमसें विजेता छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुराधा जोशी, उत्तरांचल विवि के अध्यक्ष डा. जितेंद्र जोशी,कुलपति डा. धर्मबुद्धि, उप कुलपति डा. राजेश बहुगुणा और परीक्षा नियंत्रक केबी पोखरियाल ने नए यूआईटी भवन का उद्घाटन कर किया।

### स्वस्थ्य शरीर और मन के लिए संतुलित आहार जरूरी

**संवाददाता** देहरादून। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण पखवाड़े के तहत शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें बच्चों और महिलाओं को संतुलित आहार लेने को जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र चंद्रभागा में पोषण पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राधा रानी ने बच्चों और महिलाओं को पोषाहार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार लेने से हमारे शरीर तथा मस्तिष्क स्वस्थ रहता है।

### 60 प्रतिस्पर्धी 52 प्रकार के कौशल में करेंगे मुकाबला

**संवाददाता** देहरादून। आज फ्रांस के प्रेजीडेन्ट इमैनुएल मैक्रोन ने फ्रांस के ल्योन स्थित एलडीएलसी एरिना में एक भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान 47वीं वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता का आधिकारिक उद्घाटन किया। जयंत चौधरी, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भी इस अवसर पर मौजूद रहे, मंत्री जी ने भारतीय टीम के युवा प्रतिभागियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया।

# हिंदी एक भाषा ही नहीं हमारे राष्ट्र की आत्मा भी है: सीएम

**हिंदी दिवस समारोह**

■ मुख्यमंत्री ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी, 'उत्तराखण्ड की लोक कथाएं' पुस्तक का किया विमोचन

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी प्रेक्षागृह, देहरादून में उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित 'हिंदी दिवस समारोह–2024' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की पुस्तक' उत्तराखण्ड की लोक कथाएं ' का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कविता लेखन, कहानी लेखन, यात्रा वृतान्त लेखन और नाटक लेखन प्रतियोगिता के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया और बोर्ड परीक्षाओं में हिन्दी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी भाषा के उत्थान और संवर्धन के लिए अहम योगदान देने वाले लोगों का मुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हिंदी एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि हमारी संस्कृति के गौरव का अवसर है। हिंदी एक भाषा ही नहीं हमारे राष्ट्र की आत्मा भी है। हिंदी ने हमारे समाज को जोड़ा है और हमारी सभ्यता को समृद्ध किया है। विश्व पटल पर हिंदी ने हमें विशेष स्थान दिलाया है। हिंदी केवल हमारे लिए संवाद का माध्यम नहीं है बल्कि हमारी अस्मिता, संस्कृति और भारतीयता का प्रतीक भी है। हिंदी ने विविधता से भरे हमारे समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया है। सहजता, सरलता और सामर्थ्य से परिपूर्ण हिंदी में समन्वय की अदभुत क्षमता है। हिंदी की कीर्ति केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में यह संवाद का एक प्रमुख सेतु बन चुकी है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया के विभिन्न देशों में हिंदी का अध्ययन किया जा रहा है। हिंदी ने समाज में जागरूकता लाने में भी अहम भूमिका निभाई है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक हिंदी सामाजिक चेतना का भी प्रमुख माध्यम रही है। स्वतंत्रता संग्राम के समय हिंदी संघर्ष की भाषा बनी और देशवासियों को एक सूत्र में बांधने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हिंदी के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने हिंदी भाषा के संवर्धन के लिए उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा कई सारे नवाचार किये हैं और नवाचार के माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। यह प्रयास भाषायी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भाषाओं और परंपराओं के प्रति समर्पण को प्रोत्साहित करने के लिए 'उत्तराखंड गौरव सम्मान' के तहत उत्कृष्ट साहित्यकारों को सम्मानित किया जाता है। उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा विभिन्न भाषाओं में ग्रंथ प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत 17 साहित्यकारों को अनुदान प्रदान किया गया है जो कि हमारे लेखकों के लिए भी प्रेरणा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, ऐसे समय में हिंदी का प्रचार–प्रसार हमारे लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

### संस्कृति के संरक्षण को भाषा का उत्थान बहुत जरूरीः भाषा मंत्री

भाषा मंत्री सुबोध उनियाल ने भाषा संस्थान की ओर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी प्रस्ताव भाषा संस्थान की ओर से भेजे गये , उन्हें तत्काल स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा तमाम बोलियों में पुरस्कार की शुरूआत करने के साथ ही नवोदित लेखकों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए भाषा का उत्थान बहुत जरूरी है। अपनी भाषा के संवर्धन पर काम करने से कोई छोटा नहीं हो जाता।

# ट्रैफिक जाम एवं पार्किंग व्यवस्था में किया जाएगा सुधार

**निर्देश**

■ जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करते हुए दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। शहर में पार्किंग सुदृढ किये जाने के सम्बन्ध जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता रेखीय विभागों के साथ नगर निगम कार्यालय कक्ष में संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जनमानस के सुझाव एवं सम्मानित जनप्रतिनिधियों की राय के उपरान्त ही इस दिशा में आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद देहरादून शहर की मुख्य समस्या यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था में सुधार करने की दिशा में संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन स्थलों पर तत्काल कार्य शुरू किया जा सकता है उनका प्रस्ताव तैयार करें ताकि शासन को समय पर प्रस्ताव भेजा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि शहर में कई स्थान पार्किंग हेतु चिन्हित किये गए हैं।



जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से सुझाव प्राप्त करते हुए समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। आटोमेटेड मैकेनिकल पार्किंग एक असेम्बल पार्किंग व्यवस्था है, जिसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित किया जा सकता है तथा इसकी लागत स्थायी निर्माण से कहीं कम है।

बैठक में मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश कुमार, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल,अधीक्षक अभियंता लोनिवि अमित, अधि अभि लोनिवि जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अधि.अभि एनएच डोईवाला नवनीत पाण्डेय, अधि.अभि यूपीसीएल गौरव सकलानी, अधि.अभि एमडीडीए अतुल गुप्ता, एसडीओ यूपीसीएल बबलू सिंह सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसमस्याओं का तत्काल समाधान करवाएं विभागीय अधिकारी

**संवाददाता** देहरादून। विधायक राजपुर रोड विधानसभा खजानदास ने स्मार्ट सिटी, लोक निर्माण विभाग, जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं का तत्काल प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति शिकायत दर्ज करवाता है तो उसे हल करवाने को ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान विधानसभा के अंतर्गत बरसात के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों, नालियों, पुश्तों आदि की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से प्रिंस चौक से भूसा स्टोर के मध्य निर्माणाधीन सीवर लाइन के कार्य की धीमी रफ्तार को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को इससे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अन्य गतिमान कार्यों का काम तेजी से पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।